# मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद

## सराहनीय कार्य पेपर कंटिंग मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद।

## दिनांकः- 17-09-2024

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद अमरोहा**

**दिनाँक- 17-09-2024**

## बैल से क्रूरता का आरोपी गिरफ्तार

**रजबपुर (अमरोहा)।** गाड़ी में बैल को बांधकर ले जा रहे संभल निवासी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

सोमवार को दरोगा सुनील कुमार पुलिस के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मैक्स (छोटा हाथी) सदरपुर गांव की ओर से आया। जिसे पुलिस ने उसे रोक लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने देखा कि मैक्स में बैल को मुंह और पैर बंधाकर लाद रखा है।

पुलिस ने मैक्स के चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सलमान निवासी बालमपुर थाना असमोली जनपद संभल बताया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी ने बैल को जंगल में छोड़ने जाने की बात कही है। फिलहाल, उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद बिजनौर**

**दिनाँक- 17-09-2024**

## पुलिस ने जिलावदर को दबोचा

मंडावर: पुलिस ने जिलाबदर किए गए गांव वाजिदपुर निवासी चंद्रशेखर उर्फ शेखर पुत्र गजेंद्र को रविवार रात गिरफ्तार किया है। चंद्रशेखर को 25 अप्रैल को एडीएम के आदेश पर जिलाबदर किया गया था। थानाध्यक्ष माधो सिंह बिष्ट ने बताया कि उस पर थाना मंडावर में विभिन्न धाराओं में 11 मुदकमे दर्ज हैं।-संसू

# मनोज की हत्या में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी मनोज कुमार की मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मामले का संज्ञान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिया था और एक कमेटी भी गठित की थी।

ग्राम मानपुर निवासी मनोज कुमार एक अगस्त को गागन नदी में डूब गया था। दो अगस्त को मनोज का शव गागन नदी से बरामद हुआ था। इसके बाद परिजनों ने गांव के ही ब्रह्मपाल, सुधीर तथा सुधीर के साले पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी।

पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद से पुलिस मामले में हीला हवाली कर रही थी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर विवेचना बदलने की मांग की थी। इसके बाद मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई थी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक कमेटी गठित की थी। जिसमें पूर्व मंत्री राजपाल कश्यप, पूर्व राज्य मंत्री तथा नगीना विधायक मनोज पारस नगीना लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे मनोज कुमार समेत 6 लोगों की कमेटी गठित की थी।

कमेटी के सदस्यों ने मनोज के परिजनों से बात की थी। सोमवार को पुलिस ने मामले में आरोपी सुधीर पुत्र ब्रह्मपाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अफजलगढ़।** 26 अप्रैल को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने तथा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पॉक्सो सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जांच में नाम प्रकाश में आने पर आरोपी अरविंद निवासी रजल्लापुर थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर को गांव हिदायतपुर चौहड़वाला वाला से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। संवाद

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो को दबोचा

**धामपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वारंटियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर चालान किया है। आरोपियों में गांव जैतरा निवासी बॉबी गिरी और थाना क्षेत्र के गांव परमावाला निवासी कृष्ण गोपाल उर्फ नंदलाला शामिल हैं। दोनों पर आरोप हैं कि आरोपी कोर्ट द्वारा जारी वारंटों का उल्लंघन कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान किया है। संवाद

## मोबाइल छीनकर भागने वाले को पकड़ा

**नहटौर।** मोहल्ला सराय जोखा निवासी नौशाद 14 सितंबर की देर सायं चांदपुर चुंगी से सब्जियां खरीद कर फोन पर किसी से बात करता हुआ अपने घर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आए दो बाइक सवार झपट्टा मारकर उसका फोन छीनकर ले गये थे। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी रिहान निवासी ग्राम बैरमपुर खजूरी व एक बाल अपचारी को चकगोवर्धन जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। उनका चालान कर दिया। इसके अलावा पुलिस ने वारंटी तेजपाल निवासी नसीबपुर, राजेन्द्र व सोहित निवासी मोहल्ला जोशियान को पकड़ा है। संवाद

# युवती का पीछा करने वाले धामपुर के हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

- चाकू से आतंकित करने की कोशिश भी की
- हिस्ट्रीशीटर को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**नहटौर, संवाददाता।** पैदल घर जा रही युवती का पीछा कर आतंकित करने वाले एक बाइक सवार युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। आरोपी धामपुर थाने से हिस्ट्रीशीटर भी है।

ग्राम शाहकरमपुर गिलाड़ी की एक युवती गांव सीकरी बुजुर्ग से घर जाने वाले रास्ते पर सायं के समय पैदल घर जा रही थी। उसने अपने घर फोन कर भाई को बुलाया था। बताया जाता है कि रास्ते में युवती का दूसरे पक्ष का एक बाईक सवार पीछा करने लगा।आरोप हैं कि बाईक सवार आरोपी युवक के पास चाकू था। उसने युवती को चाकू से आतंकित करने की भी कोशिश की।

इसी दौरान उसका भाई भी मौके पर पहुंच गया। उसने आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भागने लगा, शोर शराबा होने पर अन्य ग्रामीणों ने आरोपी बाइक सवार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम इकराम उर्फ भूरा खलील कुरैशी निवासी तरकोला थाना नहटौर बताया।

पुलिस के अनुसार आरोपी आपराधिक प्रवति का है, उसके खिलाफ पूर्व में गोकशी आदि के भी मुक़दमे दर्ज हैं तथा धामपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि आरोपी इकराम उर्फ भूरा से चाकू बरामद कर चालान कर दिया है।

# चोरी की कार और बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बिजनौर:** पुलिस ने एक चोर को दबोचकर उससे चोरी की गई एक गाड़ी व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।



पुलिस की गिरफ्त मे वाहन चोर • सौ. पुलिस

सीओ सिटी संग्राम सिंह के अनुसार थाना कोतवाली शहर में मोहल्ला आदर्श नगर निवासी सचिन कुमार ने पांच सितंबर को कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अलावा 14 अगस्त को रोडवेज बस स्टैंड के पास से मोहल्ला मिर्दगान निवासी सरफराज खान की बाइक भी चोरी हो गई थी। सीओ सिटी के अनुसार पुलिस ने 15 सितंबर की रात चेकिंग के दौरान मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के गूलर चौराहा निवासी गुलाम मुस्तफा को चोरी की कार के साथ दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी हुई बाइक भी बरामद की गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त गाड़ी आइ-20 कार भी बरामद की है।

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद मुरादाबाद**

**दिनाँक- 17-09-2024**

# ई–रिक्शा से बैटरी चोरी दो आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा

संस, जागरण. भोजपुर : मुहल्ला गढ़ी निवासी प्रेम सिंह व उसका साथी ई–रिक्शा से आइसक्रीम बेचने का काम करता है। रविवार को आइसक्रीम बेचकर देर शाम ई–रिक्शा घर के सामने खड़ा कर दिया।

देर रात भोजपुर निवासी नईम व बिलाल बैटरी चोरी कर रहे थे, तभी अचानक पीआरबी पुलिस आ गई। पूछताछ की तो बैटरी चोरी करने की बात सामने आई। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया बैटरी चोरी करने के आरोप में नईम व बिलाल पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की घटना, थार के बंपर में फंसकर बाइक करीब 25 मीटर तक घिसटती गई, परिवार में मचा कोहराम

# बहन के लिए केक लेने जा रहे युवक को थार ने रौंदा, जान गई

**हादसा 1**

- युवक की मां ने कहा-थार सवार युवकों से हादसे से पूर्व हुई थी नोकझोंक
- जान गंवाने वाले युवक की मां ने तीन के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। छोटी बहन के जन्मदिन पर केक लेने जा रहे बाइक सवार को थार सवार युवकों ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में जान गंवाने वाले युवक की मां की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने थार सवार तीन युवकों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आजादनगर चंद्रनगर गली नंबर 6 नेहरू जूनियर स्कूल हाईस्कूल के पास रहने वाला अमन कुमार(25) के पिता योगेंद्र कुमार लोकोपायलट हैं। रविवार रात करीब 11 बजे अमन अपनी छोटी बहन माही के जन्मदिन पर केक लेने के लिए घर से बाइक पर दिल्ली रोड मझोला के पार्श्वनाथ प्लाजा तक जाने की बात कहकर निकला था। वहां दुकान बंद मिली तो वह गलशहीद थाना क्षेत्र के गांधीनगर स्थित टेंपटेशन पर जा रहा था। मां निर्मला प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में दावा किया कि जब वह पार्श्वनाथ प्लाजा से निकल कर गांधीनगर की ओर जा रहा था तभी कांशीरामनगर गेट के आगे साईं अस्पताल के बाद थार सवार तीन युवकों से उसकी नोकझोंक हो गई। देरी होने पर बहन ने कॉल की तो अमन ने बताया कि थार सवार तीन युवक नशे की हालत में उससे अभद्रता से बात कर रहे थे। इसी कारण देरी हो गई। मां के अनुसार इतनी बात करके अमन ने कॉल काट दी और बाइक से गांधीनगर टेंपटेशन के लिए निकल गया। मां के अनुसार अमन लोकोशेड पुल पार करके सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में आईसीडी डिपो के पास पहुंचा तभी पीछे से आए थार सवारों ने अमन की बाइक में टक्कर मार दी। थार के बंपर में फंसकर अमन की बाइक करीब 25 मीटर तक घिसटती गई। अमन घायल हो गया। वहां से गुजर रहे चंद्रनगर निवासी एक व्यक्ति ने अमन को पहचान लिया और अमन के बहनोई प्रत्यक्ष कुमार को सूचना दी। सूचना पर परिजन और पुलिस वाले अमन को साईं अस्पताल ले गए, जहां देखते ही डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। उधर घटना के बाद थार में सवार दो युवक मौके से भाग निकले। एक युवक को पुलिस ने थार समेत हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान सिविल लाइंस के नीलकंठ कालोनी पीएमएस स्कूल के पास के रहने वाले अनमोल अरोड़ा के रूप में हुई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी अनमोल अरोड़ा के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, एसएचओ सिविल लाइंस मनीष सक्सेना के अनुसार थार में गिरफ्तार आरोपी अनमोल के साथ ही कटघर के लाजपतनगर निवासी सुकेत खन्ना और सिविल लाइंस के रेलवे हरथला कालोनी आर्य समाज मंदिर के पास रहने वाला दिव्यम चौधरी भी सवार था। उन दोनों का भी मुकदमे में नाम खोल दिया गया है। दोनों की तलाश की जा रही है।



अमन कुमार का फाइल फोटो।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी अनमोल।

### इकलौता बेटा था अमन, मां-बहन का रो-रोकर बुरा हाल

मुरादाबाद। हादसे में जान गंवाने वाला अमन कुमार शेयर ट्रेडिंग का काम करता था। उसके पिता योगेंद्र रेलवे में लोको पायलट हैं। परिवार में मां निर्मला और दो बहन हैं। अमन माता-पिता की तीन संतानों में बीच का था और इकलौता बेटा था। उसकी बड़ी बहन इंग्लैंड में जॉब करती है। जबकि छोटी बहन माही माता-पिता के साथ घर पर ही रहती है। सोमवार को अमन की छोटी बहन माही का ही जन्मदिन था। इसके लिए रविवार रात 12 बजे के बाद केट काटने की तैयारी थी। उसी लिए अमन केक लेने घर से निकला था। लेकिन उसकी मौत की सूचना मिलते ही बहन माही और मां निर्मला बेसुध हो गई।

# फायरिंग का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** कटघर थाना पुलिस ने लाइनपार मझोला निवासी विपेंद्र को जानलेवा हमले के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

एसएचओ कटघर संजय कुमार ने बताया कि 18 मार्च को थाना क्षेत्र के मोहल्ला वीरशाह हजारी निवासी सिद्धार्थ प्रताप सिंह ने चार नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि 17 मार्च को देर शाम जब वह बुद्धिविहार से अपने घर लौट रहे थे तभी घर के पास ही आरोपियों ने घेर कर उनके ऊपर जान से मारने की नियत से कई राउंड फायर किया। बाद में आरोपी धमकी देते हुए भाग गए थे। एसएचओ के अनुसार इस मामले में नामजद आरोपी सिंगम ठाकुर उर्फ अनमोल व लकी कुमार ठाकुर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। विवेचना के दौरान कुछ और नाम प्रकाश में आए थे। उन्हीं में से एक विपेंद्र भी था। सोमवार को एसआई अमित कुमार की टीम ने आरोपी विपेंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद रामपुर**

**दिनाँक- 17-09-2024**

# मां को बीमार बताकर ठग लिए दो लाख रुपये

**रामपुर।** खुद को रिश्तेदार बताकर अपनी मां के इलाज के नाम पर बिलासपुर के एक कारोबारी से दो लाख रुपये की ठगी कर ली गई। मामला साइबर पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने अपने प्रयास से 1.94 लाख रुपये वापस कराए।

साइबर ठग ठगी के लिए हर रोज लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। अंजान व्यक्ति लोगों को अपना नजदीकी बताकर ठगी कर रहे हैं। इसी तरह की ठगी का शिकार बिलासपुर के एक कारोबारी भी हुए हैं। बिलासपुर निवासी कारोबारी आज्ञा सिंह ने पिछले दिनों पुलिस से शिकायत की थी कि एक व्यक्ति ने उन्हे फोन पर दस लाख रुपये ट्रांसफर करने को कहा। ठगी करने वाले का कहना था कि वह अमेरिका में नौकरी करता है और उनका रिश्तेदार भी है।

ठगी करने वाले ने कहा कि उसकी माता बीमार हैं, जो कि मुंबई के अस्पताल में भर्ती हैं। मां के इलाज के लिए रुपये चाहिए। इसके बाद कारोबारी ने उसके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से दो लाख रुपये भेज दिए। शिकायत के बाद मामले की जांच साइबर थाने की पुलिस को सौंपी गई। पुलिस ने इस पर काम करते हुए तकनीकी साधनों का इस्तेमाल करते हुए पीडित के खाते में 1,94,000 रुपये की धनराशि वापस कराई। साइबर थाना प्रभारी आशाराम वर्मा का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर जांच कराई गई। जांच के बाद पीड़ित को धनराशि वापस करा दी है। संवाद

## पुलिस ने सचेत किया

साइबर थाना प्रभारी आशाराम वर्मा ने लोगों से अपील की है कि वह किसी भी अंजान लिंक पर टच न करें। साथ ही प्रलोभन न करें। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुंरत 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# चोरी कर ई रिक्शा से ले जा रहे थे प्याज, पकड़ा

रामपुर। नवीन मंडी समिति में एक दुकान से प्याज के दो कट्टे चोरी कर उसे ई रिक्शा से ले जाते एक आरोपी को पकड़ लिया। कारोबारियों ने उसकी पिटाई करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नवीन मंडी में तालाब निहालुद्दीन निवासी नौशाद की प्याज की दुकान है। रविवार को एक ई रिक्शा में दो कट्टे प्याज चोरी कर उसे ई रिक्शा में भरकर ले जाया जा रहा था। इस बीच अचानक दुकानदार पहुंच गए। दुकानदार ने अपने साथियों की मदद से ई रिक्शा में भरकर ले जा रहे प्याज को बरामद कर लिया। लोगों ने ई रिक्शा ले जा रहे एक आरोपी को पकड़ लिया। लोगों ने उसकी धुनाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। संवाद

# पुलिस ने साइबर अपराध से ठगे 1.94 लाख रुपये वापस दिलाए

जागरण संवाददाता, रामपुर : पुलिस ने साइबर अपराध का शिकार बने पीड़ित को धनराशि वापस दिलाई। साइबर अपराधियों ने पीड़ित से दो लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। साइबर थाना पुलिस ने 1.94 लाख रुपये वापस दिला दिए। पीड़ित बिलासपुर कोतवाली के बाजार कला निकट एसडीएम कोर्ट के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी, जिसमें बताया था कि साइबर अपराधी ने काल करके बताया कि वह अमेरिका में नौकरी करता है और खुद को हमारा रिश्तेदार बताया। कहा कि मां बीमार है और मुंबई के अस्पताल में भर्ती है। बातों में फंसाकर 10 लाख रुपये की मांग की। दो लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से भेज दिए , इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने मामले को साइबर क्राइम थाना को भेज दिया। साइबर थाना प्रभारी आशाराम वर्मा ने बताया कि पीड़ित को रकम दिला दी गई है।

# पुलिस ने चोरी के आरोप में एक को पकड़ा

रामपुर। गंज थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से दो कट्टे प्याज और एक ई-रिक्शा बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी फुरकान अली पुत्र बब्बू निवासी बगी थाना गंज है।

# बिलासपुर पुलिस ने दो बाइक चोरों को दबोचा

बिलासपुर। क्षेत्र के गांव कासमगंज में बाइक चुरा रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। गांव निवासी हरभजन सिंह सोमवार को बाइक से खेत पर गए थे। इसी बीच दो युवक उनकी बाइक चुराकर भागने लगे। खेत स्वामी ने दोनों चोरों को बाइक को ले जाते हुए देख लिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि रमनदीप सिंह निवासी गांव अर्जनपुर रूद्रपुर उत्तराखंड, गज्जन सिंह निवासी गांव बिकसौरा दिनेशपुर उत्तराखंड को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद सम्भल**

**दिनाँक- 17-09-2024**

# गिरोह बनाकर चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

बनियाठेर। पुलिस ने सोमवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर 24 अगस्त की रात दो घरों में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस ने चारों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी मोहित काजला ने बताया कि गांव आटा के रहने वाले गोपाल और मोहरश्री ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 24 अगस्त की रात चोर इनके घरों से सोने चांदी के जेवर, बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस लगातार चोरों की तलाश में थी। सोमवार को पुलिस ने सैनिक चौराहे से चोरी के मामले में गांव आटा के प्रदीप, राजेंद्र और चंदौसी के साईं कॉलोनी निवासी गुड्डू व रघुवीर नगर के नरेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद किया गया। आरोपियों ने दो सितंबर को बनियाखेड़ा गांव में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा एक महीने पहले चंदौसी के झलक पेट्रोल पंप के सामने मकान से गैस सिलिंडर चोरी करने की बात कबूली है। इनका एक साथी बदायूं के गांव ढकनगला निवासी राजू उर्फ सुरेंद्र अभी फरार है। संवाद

# गोवंशीय पशु को वध के लिए ले जाते पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

असमोली। गांव बेला के जंगल में रविवार की रात पुलिस ने दबिश देकर गोवंशीय पशु को वध को ले जाते पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पशुओं का वध करने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

असमोली के गांव हरथला स्थित बागेश्वर धाम से 25 अगस्त की रात गोवंशीय पशु चोरी हो गया था। पुलिस जांच में जुटी थी। रविवार की रात असमोली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव बेला के जंगल में दबिश देकर छोटे उर्फ लल्ला, जर्रार निवासी शफातनगर, आबिद निवासी राजा गालबपुर और जैनुल आबेदीन निवासी नया गांव बेला को एक जीवित गोवंशीय पशु और उपकरणों के साथ दबोच लिया।

**असमोली के गांव बेला के जंगल में दबिश देकर की गिरफ्तारी**

साथ ही उनके एक साथी नईम कुरैशी निवासी राजा गालबपुर को खासपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बागेश्वर धाम से बैल चोरी के बाबत आरोपियों ने बताया कि चोरी के बाद बैल छूटकर भाग गया था। जिसे नहीं पकड़ सके। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। बछड़े को टांडाकोठी गोशाला में संरक्षित कराया गया है।

# होटल पर छूटा पर्स पुलिस ने महिला को लौटाया

सिरसी। बिलारी तिराहे पर पानी की टंकी के पास एक छोटा सा चाय का होटल चला रहे व्यक्ति आरिफ किदवई ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए पुलिस को महिला का पर्स सौंप दिया। महिला के पर्स में 40 हजार रुपए नकद और पचास हजार रुपये की ज्वैलरी थी। मो आरिफ अली और उसकी पत्नी असमोली के ग्राम मिलक गड़वार से अपने घर बदायूं जा रहे थे।